# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – द्वितीय इकाई
# हिन्दी – कक्षा 7
# सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय: 1 घंटा** **अधिकतम अंक: 20**

**सामान्य निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में **4** मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया गया है। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं।
- **खंड क** में कुल **2** प्रश्न है, जिनकी प्रश्न संख्या **1 एवं 2** है। प्रश्न संख्या **1 एवं 2** में **5** उप प्रश्न हैं, प्रत्येक उप प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ख** में कुल **4** प्रश्न है, जिनकी प्रश्न संख्या **3 से 6 तक** है, प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ग** में कुल **1** प्रश्न है, जिसकी प्रश्न संख्या **7** है, प्रश्न संख्या **7** के लिए **6** अंक निर्धारित किये गए हैं।

---

## (खंड-क-अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(5)**

गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों को मानव-मात्र की समानता और स्वतंत्रता के प्रति जागरुक बनाने का प्रयत्न किया। इसी के साथ उन्होंने भारतीयों के नैतिक पक्ष को जगाने और सुसंस्कृत बनाने के प्रयत्न भी किए। गांधी जी ने ऐसा क्यों किया? इसलिए कि वे मानव-मानव के बीच काले-गोरे, या ऊँच-नीच का भेद ही मिटाना पर्याप्त नहीं समझते थे, वरन उनके बीच एक मानवीय स्वभाविक स्नेह और हार्दिक सहयोग का संबंध भी स्थापित करना चाहते थे। इसके बाद जब वे भारत आए, तब उन्होंने इस प्रयोग को एक बड़ा और व्यापक रुप दिया, विदेशी शासन के अन्याय-अनीति के विरोध में उन्होंने

जितना बड़ा सामूहिक प्रतिरोध संगठित किया, उसकी मिसाल संसार के इतिहास में अन्यत्र नहीं मिलती। पर इसमें उन्होंने सबसे बड़ा ध्यान इस बात का रखा कि इस प्रतिरोध में कहीं भी कटुता, प्रतिशोध की भावना अथवा कोई भी ऐसी अनैतिक बात न हो जिसके लिए विश्व-मंच पर भारत का माथा नीचा हो। ऐसा गांधी जी ने इसलिए किया क्योंकि वे मानते थे कि बंधुत्व, मैत्री, सदभावना, स्नेह-सौहार्द आदि गुण मानवता रूप टहनी के ऐसे पुष्प हैं जो सर्वदा सुगंधित रहते हैं।

**(क) अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों के पीड़ित होने का क्या कारण था?**

(i) निर्धनता धनिकता पर आधारित भेदभाव

(ii) रंग-भेद और सामाजिक स्तर से संबंधित भेदभाव

(iii) धार्मिक भिन्नता पर आधारित भेदभाव

(iv) विदेशी होने से उत्पन्न मन-मुटाव

**(ख) गांधी जी अफ्रीकावासियों और भारतीय प्रवासियों के मध्य क्या स्थापित करना चाहते थे?**

(i) सहज प्रेम एवं सहयोग की भावना

(ii) पारिवारिक अपनत्व की भावना

(iii) अहिंसा एवं सत्य के प्रति लगाव

(iv) विश्वबंधुत्व की भावना

**(ग) भारत में गांधीजी का विदेशी शासन का प्रतिरोध किस पर आधारित था?**

(i) संगठन की भावना पर

(ii) नैतिक मान्यताओं पर

(iii) राष्ट्रीयता के विचारों पर

(iv) शांति की सदभावना पर

**(घ) बंधुत्व, मैत्री आदि गुणों की पुष्पों के साथ तुलना आधारित है -**

(i) उनकी सुंदरता पर

(ii) उनकी कोमलता पर

(iii) उनके अपनत्व पर

(iv) उनके कायिक प्रभाव पर

**(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए -**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(5)**

वीर जवानों, सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।
जिस धरती को तुमने सींचा अपने खून पसीने से।
हार गई दुनिया की गोली वज्र शरीर के सीनों से।
जब-जब उठी तुम्हारी बाहें, होता वश में काल है।

जिस धरती के लिए सदा,तुमने सब कुछ कुर्बान किया
शूली पर चढ़-चढ़ हँस-हँस कर,कालकूट का पान किया।
जब-जब तुमने कदम बढ़ाया,हुई दिशाएँ लाल हैं।
उस धरती को टुकड़े-टुकड़े,करना चाह रहे दुश्मन
बड़े गौर से अजब तुम्हारी,चुप्पी थाह रहे दुश्मन
जाती पाती, वर्गों फिरको का वह फैलता जाल है।
कुछ देशों की लोलुप नज़रें,लगी तुम्हारी ओर हैं
कुछ अपने ही जयचंद के,मन में बैठा चोर है।
सावधान कर दो उसको जो पहने कपटी खाल हैं।

**(क) कथन A और कथन R को पढ़कर उपर्युक्त विकल्प चुनिए।**

कथन A :- हमारे देश में जातिवाद व धार्मिक भेद-भाव फैल रहा है।
कथन R:- हमारे देश के दुश्मन इसे फैला रहे हैं।

(i) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।
(ii) कथन (A) सही है, व कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।
(iii) कथन (A) व कारण (R) दोनो गलत हैं।
(iv) कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं करता।

**(ख) काल कूट का पान किया " पंक्ति" का अर्थ है।**

(i) काला पान कूटकर खाना
(ii) जहर पीना
(iii) सामान्य पान खाना
(iv) फौजियों को पान खाने से रोकना

**(ग) अपने ही जयचंदो का प्रयोग किसके लिए किया गया है।**

(i) हमारे देश के सैनिक के लिए
(ii) जो देश में रहकर देश से गद्दारी करते हैं।
(iii) सगे भाइयों के लिए
(iv) दोस्तों के लिए

**(घ) दुश्मन क्या चाह रहे हैं?**

**(ड़) वज्र सरीखे सीनों से कवि का क्या आशय है।**

## (खंड-ख-व्याकरण)

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए - (1x4=4)

(क) आकांक्षा -

प्रश्न 4. निम्नलिखित उपसर्ग से एक शब्द बनाकर लिखिए -

(क) अति -

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(क) आगमन -

प्रश्न-6 दिए गए प्रत्यय से दो नए शब्द बनाकर लिखिए -

(क) वान -

## (खंड-ग-पाठ्यपुस्तक में से)

प्रश्न-7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-35 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)

(क) कृष्ण ने पितामह से क्या अनुरोध किया?

(ख) वायुपुराण में नृत्य विषयक कौन-सी मुद्राएँ बताई गई हैं?

(ग) पुरुषार्थ सिद्धी के कौन-कौन-से कारक हैं?